तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

14 बच्चों को मोबाइल से दूर रखें, संस्कार और अनुशासन दें ...



12 बीजेपी-आरएसएस ने डर दिखाकर 3 बार जीता ...





## खबर संक्षेप

### इस्पात फैक्ट्री के खिलाफ शिवसेना का विरोध कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बेमेतरा।** नेवनारा (ब्लॉक बेरला) में प्रस्तावित अरहम इस्पात उद्योग के खिलाफ शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव दाऊ राम चौहान के नेतृत्व में जिला कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं को ज्ञापन सौंपा गया। चौहान ने कहा कि जिले में लगातार प्रदूषणयुक्त उद्योगों की स्थापना से आम जनता और किसान गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्रस्तावित उद्योग उपजाऊ कृषि भूमि के आसपास है, जिससे पर्यावरण, भू-जल और जनस्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न होगा। शिवसेना ने जनसुनवाई में ग्रामीणों के विरोध को प्राथमिकता देने, सभी अनुमतियाँ निरस्त करने और क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त घोषित कर कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की मांग की है। पार्टी ने चेतावनी दी कि जनहित की अनदेखी होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### चीजगांव में श्रीराम कथा 26 से, कलश यात्रा में शामिल होगी महिलाएं

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम चीजगांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बाजार चौक में 26 दिसंबर 2025 से 3 जनवरी 2026 तक दोपहर 1 बजे से श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस नौ दिवसीय महोत्सव के कथा व्यास श्री एकांत पाण्डेय महराज, परायणकर्ता श्री दुर्गेश शास्त्री कुम्हार दनिया व ग्राम पुरोहित महाराज चेतन शर्मा होंगे। उनके सानिध्य में श्री राम कथा का वाचन न केवल श्रद्धा का संचार करेगा बल्कि सनातन मूल्यों, मर्यादा और सामाजिक समरसता का जीवंत संदेश भी जनमानस तक पहुंचाएगा। आयोजन की शुरुआत 26 दिसंबर को मातृशक्तियों द्वारा कलश यात्रा से होगी। यह शोभा यात्रा दोपहर 1 बजे से शुरू होकर ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पर पूरी होगी। 26 दिसंबर से 3 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रभू इच्छा तक श्री राम कथा का भावपूर्ण, ओजस्वी एवं संस्कार पूर्ण वाचन होगा । मुख्य यजमान विरेन्द्र साहू-विनेश्वरी साहू होंगे। श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कथा पंडाल , बैठने की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा के व्यापक इंतजाम , यातायात नियंत्रण एवं स्वच्छता के उच्च मानक तैयार कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस तरह के पवित्र महोत्सव को लेकर सभी में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है।

### अवैध रूप से गांजा बेचने वाला पकड़ाया, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नदी रोड महमरा एनीकट मुक्तिधाम दुर्ग के पास एक युवक गांजा बेचते हुए पकड़ाया।

# नवागढ़ में इंटेंसिफाईड आईईसी कैंपेन के तहत वृहद स्वास्थ्य शिविर

## 125 हितग्राहियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 8 टीबी मुक्त पंचायतें सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा इंटेंसिफाईड आईईसी कैंपेन के अंतर्गत सतनाम भवन, नवागढ़ में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर अतिरिक्त परियोजना संचालक छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. खेमराज सोनवानी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रप्रकाश तथा नवागढ़ बीएमओ डॉ. एम. एम. रजा के नेतृत्व में किया गया। शिविर में कुल 125 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान बीपी, शुगर, मलेरिया, हीमोग्लोबिन, सिकलिंग, एचआईवी/ एड्स एवं सिफलिस सहित विभिन्न रक्त जांच की गई। जांच उपरांत



### ये रहे उपस्थित

"प्रशासन गांव की ओर" अभियान के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) बेमेतरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को सिकलसेल पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। शिविर में डॉ. रोशन साहू, बीपीएम सी.के. देवांगन, आईसीटीसी परामर्शदाता पुराणिक नायक, एसटीआई परामर्शदाता विनेश्वर जायसवाल, एसटीएस प्रमोद साहू, आईसीटीसी लैब टेक्नोलॉजिस्ट संजय कुमार तिवारी, यू.के. ध्रुव, नेत्र सहायक अधिकारी सोहित साहू, एमएलटी प्रतीक साहू, फार्मासिस्ट सुनील नौरंगे सहित जीवन रेखा फाउंडेशन एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जरूरतमंद हितग्राहियों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। साथ ही टीबी, एचआईवी/एड्स एवं सिफलिस जैसी बीमारियों के कारणों, लक्षणों एवं बचाव के उपायों पर परामर्शदाताओं द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। इंटेंसिफाईड आईईसी कैंपेन के तहत एचआईवी/एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष जोर दिया गया। आमजन को टोल फ्री नंबर 1097 तथा एचआईवी/एड्स एक्ट 2017 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं, जिससे लोग बिना भय के जांच एवं उपचार का लाभ ले सकें। कार्यक्रम के दौरान 8 टीबी मुक्त पंचायतों को सम्मानित किया गया। जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष एवं एसडीएम नवागढ़ द्वारा संबंधित पंचायतों को प्रशस्ति पत्र एवं गांधीजी की कांस्य प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## डिजिटल प्रतियों के माध्यम से राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई गई मतदाता सूची

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की डिजिटल प्रतियां उपलब्ध कराई गईं।

- दावा-आपत्तियों के निपटान और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तय

कलेक्टर ने जानकारी दी कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया है। मतदाता सूची से संबंधित दावा-आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक मतदान केंद्रों पर नियुक्त बीएलओ अथवा अभिहित अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त



दावा-आपत्तियों का निराकरण 23 दिसंबर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक आरओ एवं एआरओ द्वारा किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

**मतदाता सूची में नाम जुड़वाने कर सकते हैं आवेदन :** उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2026 की अहर्ता तिथियों के अनुसार 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र नागरिक फार्म-06 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। दावा-आपत्तियों की सूची संबंधित मतदान केंद्रों के नोटिस बोर्ड, जिला निर्वाचन कार्यालय की वेबसाइट तथा पर उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त एआरओ द्वारा साप्ताहिक रूप से दावा-आपत्तियों की सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को साझा की जाएगी।

### त्रुटिरहित मतदाता सूची है लोकतंत्र की मजबूती की आधारशिला

मतदाता नामांकन, संशोधन, स्थानांतरण, विलोपन, डुप्लीकेट ई-ईपीआईसी एवं दिव्यांग मतदाता पहचान से संबंधित आवेदन फार्म-06, 07 एवं 08 के माध्यम से ई-सिनेट, वोटर हेल्पलाइन ऐप अथवा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन किए जा सकते हैं। मतदाता सूची या ई-ईपीआईसी से जुड़ी किसी भी जानकारी अथवा शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। कलेक्टर ने सभी राजनीतिक दलों एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूती की आधारशिला है। उल्लेखनीय है कि जिला बेमेतरा में कुल 7,16,635 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 3,64,763 पुरुष, 3,51,867 महिला तथा 5 तृतीय जेंडर मतदाता शामिल हैं।

# मॉडिफाई साइलेंसर व तेज रफ्तार बनी पड़ी भारी, बुलेट चालक पर 5 हजार का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने बेमेतरा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज गति से बाइक दौड़ाने वाले युवक पर कड़ी कार्रवाई की गई। लोलेसरा मेला क्षेत्र में चेकिंग के दौरान सिटी कोतवाली पुलिस ने एक बुलेट चालक को पकड़ा, जो मॉडिफाई साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकालते हुए तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था।

पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उक्त चालक के विरुद्ध एक प्रकरण में 5,000 रुपये का समन शुल्क वसूल किया। साथ ही मॉडिफाई साइलेंसर हटवाकर कंपनी फिटेड साइलेंसर ही उपयोग करने की सख्त हिदायत दी गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू सहित पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिस ने स्पष्ट किया कि मॉडिफाई साइलेंसर, तेज रफ्तार, ध्वनि प्रदूषण, बिना हेलमेट, तीन सवारी,



शराब पीकर वाहन चलाने जैसे उल्लंघनों पर आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

### पुलिस की अपील

बेमेतरा पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, नाबालिगों को वाहन न सौंपने, हेलमेट व सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से पहनने, मोबाइल का उपयोग न करने और निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने की अपील की है। नियमों का पालन आपकी और दूसरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

# एसएसपी रामकृष्ण साहू ने 32 नवनियुक्त आरक्षकों को सौंपे नियुक्ति आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग 2023-24 के अंतर्गत चयनित 32 नवनियुक्त आरक्षकों (जी.डी.) को नियुक्ति आदेश प्रदान किए। दस्तावेज व चरित्र सत्यापन उपरांत नियुक्ति पत्र सौंपते हुए एसएसपी ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नवनियुक्त आरक्षकों का गुलाब पुष्प देकर स्वागत किया गया। आरक्षकों ने सामूहिक रूप से एसएसपी को गुलदस्ता भेंट कर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। एसएसपी श्री साहू ने नवनियुक्त आरक्षकों को ईमानदारी, अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनसेवा करने का संदेश दिया तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय



भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### इन्हें मिले नियुक्ति आदेश

नियुक्ति आदेश प्राप्त करने वालों में वीरू साहू, योगेश्वर, रंजीत कुमार, गजेंद्र प्रसाद, अमन वर्मा, जितेश कुमार, भूपेंद्र कुमार, कुलेश्वर, बिसाहू, देवलाल, गोपाल राम, प्रीति साहू, पूनम, तिलेश साहू, पंकज, रमन, यशुतोष, नरोत्तम साहू, गुलाब राम, ढालेश्वर कुमार साहू, रेशमी यादव, जानकी साहू, शिवांगी पाल, यशवंत, विकास, ओंकार, देवेंद्र कुमार, यादेवी, गुलशन, ललित कुमार, फागूराम और बिंदिया शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्साह और गर्व का माहौल रहा।

इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, मुख्यलिपिक उनि(अ) हरिओम विश्वकर्मा, प्रभारी स्टेनो सउनि(अ) संतोष कुमार सोनवानी, स्थापना/एसआरसी लिपिक सउनि(अ) महेंद्र कुमार भुआर्य, सउनि(अ) अजय देवांगन, प्रवीण लोहले सहित पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खाद्य मंत्री दयालदास व कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने की तैयारियों की समीक्षा

# राज्य स्तरीय पंथी नृत्य व गुरु घासीदास जयंती महोत्सव में मुख्यमंत्री का प्रस्तावित आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवागढ़ ब्लॉक मुख्यालय में 26 से 28 दिसंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता एव बाबा गुरु घासीदास जयंती लोक कला महोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। महोत्सव में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रस्तावित आगमन को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने हाई स्कूल मैदान नवागढ़ स्थित आयोजन स्थल का निरीक्षण कर मंच, दर्शकदीर्घा, प्रकाश, ध्वनि, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को समयबद्ध व समन्वित कार्य के निर्देश दिए।



### तैयारियों की विस्तार से की गई समीक्षा

जिले की नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जैतखाम, अटल परिसर, सांस्कृतिक मंच, विभागीय प्रदर्शनी स्टॉल, अतिथियों व कलाकारों हेतु भोजन व्यवस्था सहित समस्त तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने श्रद्धा, अनुशासन एवं जनसुविधा को केंद्र में रखते हुए आयोजन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि यह महोत्सव बाबा गुरु घासीदास जी के समानता, मानवता और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने आगंतुकों की सुविधा व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### क्षेत्र में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल

महोत्सव में प्रदेशभर से पंथी नृत्य दल अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार संभावित बड़ी भीड़ को देखते हुए पार्किंग, यातायात, पेयजल, चिकित्सा, स्वच्छता एवं भोजन व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। क्षेत्र में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, एसडीएम दिव्या पोटई, डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर सहित प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने विभागवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

# सुशासन सप्ताह के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आज टाउन हॉल में जिला स्तरीय सुशासन सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए सूचना एवं सेवा स्टॉल आम नागरिकों के लिए जनसेवा का प्रमुख केंद्र बने, जहाँ सैकड़ों हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रशासन गाँव की ओर की अवधारणा सजीव रूप में परिलक्षित हुई।

- विभिन्न विभागों के स्टॉल बने जनसेवा का केंद्र

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले की नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने उपस्थित होकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा विभागवार



प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों से चर्चा कर यह जानकारी ली कि सुशासन सप्ताह के दौरान किन-किन विभागों में कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं और कितने आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप जन शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संवेदनशील निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

### 25 दिसंबर तक चलेगा सुशासन सप्ताह

उल्लेखनीय है कि जिले में 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा जनपद स्तर पर चौपाल एवं शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों से विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए हैं। पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत सामग्री, सहायता राशि एवं चेक प्रदान कर लाभान्वित किया जा रहा है। टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन सप्ताह कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे प्रशासन की पहुँच और प्रभावशीलता को नई दिशा मिली।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा की बालिकाओं ने जीता खो-खो का जिला खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, हसदा (विकासखंड बेरला) की बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खो-खो (अंडर-18) प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कंतेली में किया गया था।

खो-खो के फाइनल मुकाबले में बेरला विकासखंड की टीम ने बेमेतरा टीम को पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें बेरला विकासखंड की प्रतिभागियों ने विभिन्न खेलों में



उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब भी जीता। बेरला विकासखंड ने वॉलीबॉल के दोनों वर्गों, रस्साकसी, 100 मीटर व 400 मीटर दौड़, तवा फेंक, वेटलिफ्टिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पंथी नृत्य, रावत नाचा, सुवा नृत्य एवं लोकगीत प्रतियोगिताओं में भी प्रथम स्थान अर्जित किया। बालिका फुटबॉल टीम ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। खो-खो विजेता टीम की खिलाड़ी श्रद्धा, तनु, रवीना, रूखमणि, वीणा, नंदनी, सरस्वती, अंजु, पायल, ममता रही ,फुटबॉल बालिका टीम में डिंपल (कप्तान), टिकेश्वरी, द्रौपती, तारणि, आरती, गोमती, लावण्या, टानेश्वरी, भूमिका, याचना, कुसुम, चेतावली।विजेता खिलाड़ियों को खो-खो का प्रथम पुरस्कार साजा विधायक मा. श्री ईश्वर साहू ▶▶| शेष पेज 14 पर

